**STANDARD X** **QEPR**

ഗുണനിലവാരമുള്ള വിദ്യാഭ്യാസം
കുട്ടികളുടെ അവകാശം

# तैयारी 2017

ഒരു തീവ്രപഠന പരിപാടി

# हिंदी

**പൊതുവിദ്യാഭ്യാസ വകുപ്പ്, കേരളം**


# ഒരുക്കം പ്രവർത്തനങ്ങൾ – മാർഗ്ഗരേഖ

മുൻ വർഷങ്ങളിലേതു പോലെ കൂടുതൽ പരീക്ഷാസഹായിയായി പത്താം തരം വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് **ഒരുക്കം 2017** കൈകളിലെത്തുകയാണ്. ചിട്ടയായ പ്രവർത്തനങ്ങളിലൂടെ മുഴുവൻ കുട്ടികളെയും മികച്ച നിലവാരത്തിലെത്തിക്കുകയാണ് ഇതിന്റെ ലക്ഷ്യം. ഓരോ യൂണിറ്റും വിശകലനം ചെയ്യുകയും കുട്ടികളുടെ ഉത്തരങ്ങൾ അവലോകനം ചെയ്ത് അതിന്റെ അടിസ്ഥാനത്തിൽ വിവിധ വ്യവഹാരരൂപങ്ങളിലൂടെ കടന്നു പോകാനുള്ള അവസരമൊരുക്കുകയാണ് ഈ വർഷം ചെയ്തിരിക്കുന്നത്. പ്രവർത്തനങ്ങൾക്കിടയിൽ പഠിതാക്കൾ സ്വയം വിശകലനം നടത്തി താൻ കണ്ടെത്തിയ ഉത്തരങ്ങൾ വിശകലനം ചെയ്യുകയും വേണം. അധ്യാപകർ പ്രശ്നങ്ങൾ കുട്ടികളുമായി പങ്കുവയ്ക്കുകയും മറികടക്കാനാവശ്യമായ സഹായങ്ങൾ നൽകുകയും വേണം. ഇതിലെ പ്രവർത്തനങ്ങൾ സമയബന്ധിതമായി പൂർത്തിയാക്കേണ്ടതും കുട്ടികളുടെ മനസ്സിൽ ഉറപ്പിക്കേണ്ടതുമാണ്. ഇതിന്റെ വിജയത്തിന് അധ്യാപകർ, കുട്ടികൾ, രക്ഷകർത്താക്കൾ എന്നിവരുടെ സഹകരണവും കൂട്ടായ്മയും ഉണ്ടാകുമെന്നും അതിലൂടെ മികച്ച വിജയം കൈവരിക്കുമെന്നും പ്രതീക്ഷിച്ചുകൊണ്ട്.....

ജനുവരി 11 മുതൽ നടപ്പാക്കാനുള്ള പഠനപാക്കേജാണിത്. ഇവ എല്ലാ വിദ്യാലയത്തിലും നടന്നു എന്ന് പ്രഥമാധ്യാപകർ ഉറപ്പുവരുത്തണം. അതിനുള്ള നിർദേശങ്ങൾ ചുവടെ ചേർക്കുന്നു.

- ജനുവരി ആദ്യവാരത്തിൽ എസ്.ആർ.ജി. യോഗം ചേർന്ന് പരിപാടികൾ ആസൂത്രണം ചെയ്യണം.
- പി.ടി.എ., എം.പി.ടി.എ., ജനപ്രതിനിധികൾ - ഇവരുടെ യോഗം വിളിച്ച് പ്രവർത്തനങ്ങൾ വിശദമായി ആസൂത്രണം ചെയ്യണം.
- ജനുവരി 11 മുതൽ ഒരുക്കം പ്രവർത്തനങ്ങൾ നടക്കുന്നു എന്ന് ഉറപ്പുവരുത്തണം.
- കുട്ടികൾക്കാവശ്യമായ ഭക്ഷണം തയ്യാറാക്കി നൽകണം.
- ഓരോ അധ്യാപകനും ദത്തെടുത്ത കുട്ടികളുടെ പഠന പുരോഗതി നിരന്തരം വിലയിരുത്തി ചർച്ചകളിലൂടെ മെച്ചപ്പെടുത്തണം.
- 8,9 ക്ലാസ്സുകളിലും സമാന പഠനപ്രവർത്തനങ്ങൾ നടക്കുന്നുണ്ടെന്ന് ഉറപ്പാക്കണം.

ചിട്ടയായ പ്രവർത്തനങ്ങളിലൂടെ ഗുണമേന്മയുള്ള വിദ്യാഭ്യാസം കുട്ടികളുടെ അവകാശം എന്ന ലക്ഷ്യത്തിലെത്തിച്ചേരാൻ നമുക്ക് ഒത്തൊരുമിച്ച് പ്രവർത്തിക്കാം.



**PROF. C. RAVEENDRANATH**
MINISTER FOR EDUCATION
GOVERNMENT OF KERALA

## സന്ദേശം

കേരളത്തിലെ സ്കൂൾ വിദ്യാഭ്യാസം നേരിടുന്ന പ്രശ്നങ്ങൾ പഠിച്ച് അവ പരിഹരിക്കുന്നതിനുള്ള ക്രിയാത്മക പ്രവർത്തനങ്ങൾ നടപ്പിലാക്കുക എന്ന ലക്ഷ്യത്തോടെ 2006ൽ ആരംഭിച്ച **ഗുണമേന്മയുള്ള വിദ്യാഭ്യാസം കുട്ടികളുടെ അവകാശം** (Quality Education Pupil's Right - QEPR) എന്ന പദ്ധതി പത്തുവർഷം പൂർത്തിയാക്കുകയാണ്. സ്കൂളുകളിലെ ലാബ്, ലൈബ്രറി സൗകര്യങ്ങളുടെ മെച്ചപ്പെടുത്തൽ, പോഷകസമൃദ്ധമായ ഉച്ചഭക്ഷണം, കൃത്യമായി ആസൂത്രണം ചെയ്ത് നടപ്പിലാക്കുന്ന പഠനപ്രവർത്തനങ്ങൾ, ഫലപ്രദമായ മോണിറ്ററിംഗ് എന്നിവയിലൂടെ പിന്നോക്കം നിന്നിരുന്ന വിദ്യാലയങ്ങൾ ശ്രദ്ധേയമായ പുരോഗതി കൈവരിച്ചു കഴിഞ്ഞു. കൂട്ടായ പരിശ്രമങ്ങളിലൂടെ ലഭിച്ച നേട്ടങ്ങളെ സ്ഥായിയായി നിലനിർത്തുകയും ആധുനിക സാങ്കേതികവിദ്യയുടെ സാധ്യതകൾ കൂടി ഉപയോഗിച്ചു സ്കൂളുകളുടെ നിലവാരം കൂടുതൽ മികവുറ്റതാക്കി അന്താരാഷ്ട്ര നിലവാരത്തിലേക്ക് ഈ പൊതു വിദ്യാലയങ്ങളെ എത്തിക്കുകയും ചെയ്യേണ്ടിയിരിക്കുന്നു. ഈ ഉദ്ദേശ്യത്തോടെ ഒട്ടേറെ പ്രവർത്തനങ്ങൾ ഇപ്പോൾ ആരംഭിച്ചുകഴിഞ്ഞിട്ടുണ്ട്. സ്കൂളുകളുടെ ഭൗതികസൗകര്യങ്ങളോടൊപ്പം അക്കാദമിക നിലവാരവും ഉയർത്തുന്നതിനുള്ള ശ്രമത്തിന്റെ ഭാഗമാണ് **ഒരുക്കം** എന്ന ഈ കൈപുസ്തകം. കുട്ടികൾക്ക് ഈ പഠനസഹായി ഏറെ സഹായകരമാകുമെന്ന് പ്രതീക്ഷിക്കുന്നു. ഈ ഉദ്യമത്തിന് എല്ലാ ഭാവുകങ്ങളും നേരുന്നു.

സി.രവീന്ദ്രനാഥ്

Office : V<sup>th</sup> Floor, Room No. 505
Government Secretariat Annexe, Thiruvananthapuram-695 001
Phone-Office : 0471-2327574 Fax : 0471-2332133 Res : 0487-2383229
Mobile : 9447973300 Website : www.ravindranath.org


## ആമുഖം

## കേരളത്തിലെ സ്കൂളുകൾ മികച്ച വിജയത്തിലേക്ക്

തെരഞ്ഞെടുക്കപ്പെട്ട വിദ്യാലയങ്ങളിൽ 2006ൽ ആരംഭിച്ച **ഗുണമേന്മയുള്ള വിദ്യാഭ്യാസം കുട്ടികളുടെ അവകാശം (QEPR)** പദ്ധതി അതിന്റെ ലക്ഷ്യം നേടി മുന്നേറുകയാണ്. അക്കാദമികവും ഭൗതികവുമായ തലങ്ങളിൽ നിരവധി മുന്നേറ്റങ്ങൾ കൈവരിക്കുവാൻ ഈ പദ്ധതിയിലുൾപ്പെട്ട വിദ്യാലയങ്ങൾക്ക് കഴിഞ്ഞിട്ടുണ്ട്. കേവല വിജയമല്ല മറിച്ച് മുഴുവൻ വിദ്യാർത്ഥികളെയും മികച്ച ഗ്രേഡിന് ഉടമകളാക്കുക എന്ന ലക്ഷ്യമാണ് നമ്മൾ ആഗ്രഹിക്കുന്നത്. ഈ ലക്ഷ്യം മുന്നിൽ കണ്ടുകൊണ്ട് ഒട്ടേറെ പ്രവർത്തനങ്ങൾ ആവിഷ്കരിച്ചു നടപ്പാക്കി വരുകയാണ്.

മികച്ച വിജയം ലക്ഷ്യമാക്കി 2017 ജനുവരി 11 മുതൽ എല്ലാ ക്യൂ.ഇ.പി.ആർ വിദ്യാലയങ്ങളിലും പ്രത്യേക പഠനപാക്കേജുകൾ നടത്തുവാൻ തീരുമാനിച്ചിട്ടുണ്ട്. ഈ പരിപാടിയുടെ കാര്യക്ഷമമായ നടത്തിപ്പിന് വേണ്ടിയാണ് **ഒരുക്കം** എന്ന പഠനസഹായി തയ്യാറാക്കിയിട്ടുള്ളത്. മാറിയ പാഠപുസ്തകം കുട്ടികളിലുണ്ടാകാവുന്ന മാനസിക പിരിമുറുക്കങ്ങളിൽ നിന്ന് കുട്ടികളെ മോചിപ്പിക്കുന്നതിനും അവരിൽ ആത്മവിശ്വാസം ഉണ്ടാക്കുന്നതിനും സർഗ്ഗാത്മകമായ പുനരനുഭവപ്രവർത്തനങ്ങൾ, മൂല്യനിർണയ പ്രവർത്തനങ്ങൾ, അവയുടെ വിശകലനങ്ങൾ എന്നിവ ഉൾക്കൊള്ളുന്ന **ഒരുക്കം** പ്രയോജനപ്പെടും എന്നതിൽ സംശയമില്ല.

വിദ്യാർത്ഥികൾ, രക്ഷിതാക്കൾ, പ്രാദേശിക ഭരണകൂടങ്ങൾ, വിദ്യാഭ്യാസ പ്രവർത്തകർ തുടങ്ങിയവരുടെ കൂട്ടായ പരിശ്രമത്തിലൂടെ ഗുണനിലവാരത്തോടെ മികച്ച വിജയം നേടിയെടുക്കാനുള്ള വർഷമായി 2017 മാറട്ടെ എന്നും ഈ ലക്ഷ്യം നേടാൻ എല്ലാ വിദ്യാലയങ്ങൾക്കും കഴിയട്ടെ എന്നും ആശംസിച്ചുകൊണ്ട്



വിജയാശംസകളോടെ

**കെ. വി. മോഹൻ കുമാർ ഐ.എ.എസ്**

പൊതു വിദ്യാഭ്യാസ ഡയറക്ടർ

प्रिय अध्यापक बंधुओ,

हम सब अब अपने छात्रों को दसवीं की परीक्षा के लिए तैयार करने में व्यस्त हैं। केरल राज्य शिक्षा विभाग आपकी मदद के लिए कई सालों से 'तैयारी' उपलब्ध कर रहा है। इस साल भी यह काम ज़ारी है। निर्धारित पाठों से फिर से गुज़रने का अवसर यहाँ दिया जा रहा है। साथ ही प्रश्नों के नमूने और प्रश्न-पत्र का नमूना भी हैं। उम्मीद है, आप और अपने छात्र इसकी गतिविधियों से खूब फायदा उठा पाएँगें।

शुभकामनाएँ

# इकाई - 01

**उद्‌देश्य :**

- **पहली इकाई का पुनरीक्षण करना।**
- **पटकथा लिखने में अधिक अनुभव प्रदान करना।**
- **टिप्पणी लेखन में अधिक परिचय देना।**
- **कविता का आशय लिखने में सक्षम बनाना।**

**गतिविधि : 1**

**समय : 60 मिनट**

**प्रक्रियाएँ :**

अनौपचारिक संवाद से शुरू करता है।

- पहली इकाई में कितने पाठभाग हैं?
- क्या उनके नाम याद हैं?
- आप लोग परीक्षा की तैयारी में हैं, हम फिर से अपने पाठ भागों से गुज़रते हैं।

पूछता है :

- 'बीरबहूटी' किसकी कहानी है?
- इसमें किनकी दोस्ती के बारे में कहा गया है?

पन्ना 9 का 'पैन में कुछ स्याही .... बहुत बड़ी बात हो' तक पढ़ने का निर्देश देता है।

पूछता है :

- इसके पात्र कौन-कौन हैं?
- साहिल और बेला कहाँ गए हैं? क्यों?

छात्रों को कहने का अवसर देता है।

➢अब हमें इस दृश्य की पटकथा तैयार करनी है। बताओ पटकथा तैयार करते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना है?

- दृश्य का विवरण।
- समय का जिक्र।
- पात्रों का उल्लेख।
- पात्रों के बीच का संवाद।

छात्रों को वैयक्तिक रूप से पटकथा लिखने का अवसर देता है।
दल में परिमार्जन करने का मौका देता है।
टीचरवेर्शन प्रस्तुत करता है।
संशोधन कार्य चलाता है।

**गतिविधि : 2**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

चार्ट

**प्रक्रियाएँ :**

ये पंक्तियाँ श्यामपट पर या चार्ट पर लिखकर प्रस्तुत करता है :

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था।

पढ़ने का अवसर देता है।

पूछता है :

- यहाँ कवि क्या कहना चाहता है?
- 'व्यक्ति को न जानना' और 'हताशा को जानना' का मतलब क्या है?
- यहाँ कवि का कौन-सा मनोभाव व्यक्त होता है?

अब हमें इन पंक्तियों का आशय लिखना है।

वैयक्तिक लेखन का मौका देता है।
दलों में विचार-विनिमय करके परिमार्जन कराता है।
आवश्यकता पड़ने पर टीचरवेर्शन दिखाता है :

प्रस्तुत पंक्तियाँ विनोद कुमार शुक्ल की कविता 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' से ली गई हैं। इन पंक्तियों में कवि 'जानने' की हमारी जानी-पहचानी रूढ़ी को तोड़ देते हैं। किसी व्यक्ति को उसके नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानना और उनके एहसासों या दर्दों से जानना अलग है। दर्द और एहसास सबके एक जैसे होते हैं। उसे समझने के लिए किसी को वैयक्तिक रूप से जानने की ज़रूरत नहीं। उनकी मदद करने के लिए ये दर्द और एहसास समझना ही काफ़ी है।

**गतिविधि : 3**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

तालिका की प्रतिलिपियाँ

**प्रक्रियाएँ :**

कहता है :

'टूटा पहिया' कविता एक बार पढ़ें।

यह तालिका छात्रों को देता है या श्यामपट पर प्रस्तुत करता है :

| **सूचना : संबंध पहचानें और मिलान करें।** | |
|---|---|
| टूटा पहिया | समस्याएँ |
| चक्रव्यूह | अधर्म के विरोधी |
| अभिमन्यु | महाशक्ति |
| ब्रह्मास्त्र | लघुमानव |

इस तालिका का सही मिलान करके प्रस्तुत करने को कहता है।

दो-चार छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

चर्चा चलाता है और प्रतीकार्थ समझाता है।

कविता की गहराई तक ले जाने के लिए प्रश्न करता है :

- यहाँ 'मैं' का प्रयोग किसके लिए किया गया है?
- अभिमन्यु किसका प्रतीक है?
- अभिमन्यु को क्यों दुस्साहसी कहा गया है?
- लघुमानव का दुस्साहस क्या हो सकता है?
- वर्तमान प्रसंग में महारथी किसका प्रतीक हो सकता है?
- अकेली निहत्थी आवाज़ किसकी है?
- कुचल देने का मतलब क्या है?
- 'लोहा लेना' से आपने क्या समझा?

ये पंक्तियाँ प्रस्तुत करता है:

(अपने पक्ष को ..................... लोहा ले सकता हूँ!)

इन पंक्तियों पर एक टिप्पणी लिखने का निर्देश देता है।

वैयक्तिक लेखन का मौका देता है।

दो-एक छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

टिप्पणी लिखते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना है?

- कवि और कविता का परिचय।
- पंक्तियों का आशय।
- प्रतीकों की प्रासंगिकता एवं समर्थन।
- शीर्षक की सार्थकता।
- पंक्तियों की विशेषताएँ।

दलों में परिमार्जन का मौका प्रदान करता है।

हस्तांतरण करके परखने का निर्देश देता है।

आवश्यकता पड़ने पर टीचरवेर्शन प्रस्तुत करता है।

संशोधन कार्य चलाता है।

**अतिरिक्त गतिविधियाँ :**

I. **सूचना : कहानी का अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वे एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।

"तुमने कुछ सुना बेला?"

"हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।"

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

1. सही क्रिया रूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करके लिखें। 1

साहिल पैन में स्याही ——————————।

क) भरवाएँगे।	ख) भरवाएगा।

ग) भरवाएगी।	घ) भरवाएँगी।

2. साहिल और बेला बड़े दोस्त हैं। इसकी सूचना देनेवाला एक वाक्य इस अंश से चुनकर लिखें। 2

3. इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** लिखें।

# इकाई 2

**उद्देश्य :**

- **इकाई 2 का पुनरीक्षण करना।**
- **नीली आसमानी छतरी गाना सुनकर और एक साथ गाकर शिबिर का माहौल बनाना।**
- **कालांत मूल्यांकन के प्रश्नों के नमूनों से परिचय पाना।**
- **रपट, वार्तालाप आदि प्रोक्तियों के निर्माण में अधिक अनुभव प्राप्त करना।**
- **विश्लेषणात्मक प्रशनों के उत्तर लिखने में अधिक अनुभव प्राप्त करना।**
- **भाषाई संरचना का अधिक जानकारी देना।**

## गतिविधि 1

नीली आसमानी छतरी गाना दिखाता/ सुनाता है।

बच्चों को साथ गाने का मौका देता है।

एक-दो बार प्रक्रिया चलाता है।

## गतिविधि 2

पन्ना 36 का यह अंश पढ़ने का निर्देश देता है।

> गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद गाऊँगा। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तबदील कर दी।

पूछता है।

चार्ली को क्यों स्टेज जाना पड़ा?

बच्चों को लिखने का मौका देता है।

आपस में हस्तांतरण करके पढ़नें का अवसर देता है।

चर्चा

शिक्षक अपना वर्शन प्रस्तुत करता है।

> स्टेज में गाते माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई। लोग चिल्लाने लगे। माँ को स्टेज से हटना पड़ा। तब मानेजर ने चार्ली को स्टेज पर जाने का जिद किया था। इसलिए चार्ली को स्टेज जाना पड़ा।

शिक्षक श्यामपट पर लिखता है।

'चार्ली ने गाना रोक दिया।'

पूछता है,

इस वाक्य में 'रोक दिया' शब्द का सीधा संबंध वाक्य के किस शब्द से है?

लिखने का मौका देता है।

दलों में चर्चा करने का अवसर देता है।

एक दल से प्रस्तुत करने का और कारण बताने का अवसर देता है।

चर्चा

*वाक्य में 'रोक दिया' शब्द का सीधा संबंध 'गाना' शब्द से है।*

**पाँच साल के एक बालक ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया** इस शीर्षक में एक रपट तैयार करने का निर्देश देता है।

वैयक्तिक लेखन का अवसर देता है।

पूछता है।

रपट कैसी होनी चाहिए?

यहाँ शीर्षक दिया है। अगर नहीं तो शीर्षक की क्या विशेषता है?

चर्चा

*शीर्षक आकांक्षा पैदा करने लायक होना चाहिए।*

रपट के अंदर क्या-क्या होना चाहिए?

चर्चा

*रपट आम तौर पर एक घटना पर आधारित होती है।*

*घटना क्या है?*

*कब हुई?*

*घटना कहाँ हुई?*

*कैसे हुई?*

*घटना से संबंधित व्यक्ति कौन-कौन हैं?*

*रपट में इन सारे प्रश्नों के उत्तर मिलना चाहिए।*

रपट में भाषा की क्या विशेषता है?

चर्चा

*रपट की भाषा पत्रकारिता की हो।*

पूछता है

क्या अपनी रपट इन सारी बातों का पालन करती है?

प्रतिक्रिया

क्या आप अपनी लिखी हुई रपट का परिमार्जन खुद करना चाहते हैं?

स्वयं परिमार्जन करने का अवसर देता है।

दो एक प्रस्तुति का अवसर देता है।

दलों में परिमार्जन करने का अवसर देता है।

दलों के द्‌वारा प्रस्तुत करने का अवसर देता है।

प्रस्तुति के बाद चर्चा चलाता है।

**गतिविधि 3**

पन्ना 31 का यह खंड पढ़ने का निर्देश देता है।

> उसी दिन मैंने रेलवे-अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूरा मामला समझाया। हमारा सौभाग्य था कि वे मान गए। एक पूरी रेलगाड़ी हमें दे दी गई जिसमें थर्ड क्लास, फस्टक्लास मिलाकर कुल छह डिब्बे थे। इसके अलावा गार्ड का डिब्बा, कोयला ले जाने के लिए एक डिब्बा और इंजन भी था। तय हुआ कि इसके लिए कोयले का खर्ज हमें देना होगा। सच कहूँ तो अभिशाप वरदान हो गया क्योंकि यह रेल गाड़ी एक तरह से हमारे कब्जे में थी-हम इसे आगे पीछे ले जाएँ, रोकें, चलाएँ, जो मर्जी कर सकते थे।

संबंध पहचानकर सही मिलान करने का अवसर देता है।

श्यामपट पर यह तालिका बनाता है।

| | |
|---|---|
| रेलवे | वरदान |
| अभिशाप | छह डिब्बे |
| रेलगाड़ी | अधिकारी |

वैयक्तिक रूप से मिलान करने का अवसर देता है।

छोटे दलों में चर्चा का अवसर देता है।

| | |
|---|---|
| रेलवे | अधिकारी |
| अभिशाप | वरदान |
| रेलगाड़ी | छह डिब्बे |

इस प्रकार सही तालिका का विकास चर्चा के द्‌वारा करें।

रेलवे अधिकारी और सत्यजीत राय के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें।

वैयक्तिक लेखन का अवसर देता है।

दो एक की प्रस्तुति का अवसर।

पूछता है

वार्तालाप कैसा होना है?

*वार्तालाप प्रसंगानुकूल हो।*

*पात्रानुकूल भाषा हो।*

वैयक्तिक रूप से अपने लिखे हुए वार्तालाप का परिमार्जन करने का अवसर देता है।

दलों में परिमार्जन करने का अवसर देता है।

वार्तालाप का अपना वर्शन प्रस्तुत करता है।

मूल्यांकन सूची के आधार पर चर्चा और संक्षिप्तीकरण करता है।

गतिविधि 4

फेलू, तोपसे और जटायू ऊँट पर सवार होकर तय स्थान पर खड़े हो गए। तीन बार शॉट लेने का फायदा यह हुआ कि सवारों को दम निकल जाने का अभिनय नहीं करना पड़ेगा। जटायू की हालत तो ऐसी थी कि किसी तरह जान छूटे। तीसरी बार दृश्य सही तरह से फिल्मा लिया गया।

पूछता है

'तीन बार शॉट लोने का फायदा यह हुआ कि सवारों को दम निकल जाने का अभिनय नहीं करना पड़ेगा।' इस का क्या मतलब है?

वैयक्तिक रूप से लिखने का अवसर देता है।

एक दो प्रस्तुति।

दलों में चर्चा करके उत्तर को परिमार्जन करने का अवसर देता है।

दलों की प्रस्तुति का अवसर देता है।

(एक दल की प्रस्तुति हो जाए, बाकी दल जोड़ें।)

कहता है,

उस दिन की सत्यजीत राय की डायरी लिखें।

वैयक्तिक रूप से डायरी लिखने का अवसर देता है।

एक-दो प्रस्तुति का अवसर देता है।

पूछता है,

यहाँ किसकी डायरी लिखनी है?

प्रतिक्रिया

डायरी की विशेषताएँ क्या-क्या है?

प्रतिक्रिया

डायरी की भाषा आत्मनिष्ठ होनी चाहिए।

*यहाँ हम को सत्यजीत राय बनना है। उनके अनुभव और विचार को अपने अनुभव और विचार बनाकर लिखना है।*

डायरी में क्या-क्या लिखना है?

*डायरी में प्रस्तुत घटना का संकेत हो, उस संबंधित विचार हो, अपना मानसिक शारीरिक विकार हो।*

अपनी-अपनी डायरी को परिमार्जन करने का अवसर देता है।

दलों में परिमार्जन करने का अवसर देता है।

डायरी का अपना वर्शन प्रस्तुत करता है।

मूल्यांकन संकेतों के आधार पर चर्चा और संक्षिप्तीकरण।

# इकाई - 03

**उद्देश्य :**

- **तीसरी इकाई का पुनरीक्षण करना।**
- **कहानी के पात्रों की चरित्रगत विशेषता लिखने में अधिक जानकारी प्रदान करना।**
- **किसी सामाजिक विषय पर लेख लिखने में सक्षम बनाना।**
- **कविता का विश्लेषण करके लेख लिखने में माहिर बनाना।**

**गतिविधि : 1**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

'ठाकुर का कुआँ' फ़िल्म का अंश।

**प्रक्रियाएँ :**

'ठाकुर का कुआँ' फ़िल्म का क्लिपिंग दिखाता है या अंतिम अंश पढ़ने को कहता है।
(कौन है? कौन है? पूछते हुए ठाकुर के आने से लेकर गंगी के भागकर घर आने तक के दृश्य)
चर्चा चलाता है :

- इन दृश्यों में के शुरू में कौन है? पूछकर कौन आता है?
- अंत में मटके से कौन पानी पीता है?
- कौन घड़ा छोड़कर भाग जाता है?
- गंगी क्यों दूर कुएँ से पानी लेने गई?
- उसे क्यों भागना पड़ा?
- यहाँ कौन-सी सामाजिक समस्या को पेश किया गया है?

अब कन्सप्ट मैपिंग के द्वारा गंगी की विशेषताओं को निकालता है :

गंगी की विशेषताओं को सूचीबद्ध करने को कहता है।
तीन-चार छात्रों को प्रस्तुत करने का मौका देता है।
श्यामपट पर / चार्ट पर पदसूर्य बनाता है।
गंगी की विशेषताएँ बताते समय पदसूर्य का विकास करता है।

गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखने का निर्देश देता है। (10)

वैयक्तिक लेखन का मौका देता है।

दो-एक प्रस्तुतीकरण करवाता है।

चार सदस्योंवाले दल बनाता है।

दल में विचार-विनिमय करके टिप्पणी लिखने का मौका देता है।

प्रश्न करता है:

चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखते समय किन-किन बातों पर ज़ोर देना है?

चर्चा ज़ारी रखता है और श्यामपट पर लिखते हुए संकेतों का परिचय कराता है।

- कहानी एवं कहानीकार का परिचय दिया है।
- कहानी में गंगी की भूमिका का परिचय दिया है।
- कथानक में चर्चित विषय के संबंध में गंगी के मनोभाव एवं व्यवहारों का विश्लेषण किया है।
- उपर्युक्त बातों के आधार पर गंगी के संबंध में अपना दृष्टिकोण प्रकट किया है।

मिले नए अनुभवों के आधार पर दलों का लेखन-कार्य ज़ारी रखने को कहता है।

दलों के उपजों को हस्तांतरण करके मूल्यांकन करने को कहता है। (10)

उपजों की खूबियों और कमियों को मूल्यांकन करनेवालों से प्रस्तुत करवाता है।

आवश्यक परिमार्जन का अवसर प्रदान करता है।

संशोधन कार्य चलाते हुए भाषाई तत्वों पर अधिक जानकारी प्रदान करता है :

जैसे, कर्ता-क्रिया अन्विति (वर्तमानकाल, भविष्यतकाल...)

संबंध कारकों का प्रयोग

सर्वनाम और परसर्ग का योग आदि...

**गतिविधि : 2**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

'ठाकुर का कुआँ' फ़िल्म का अंश।

**प्रक्रियाएँ :**

चर्चा चलाता है :

- गंगी किसके विरुद्ध आवाज़ उठाती है?
- जाति-प्रथा के संबंध में आपका विचार क्या है?

जाति-प्रथा के विरुद्ध कुछ संदेश वाक्य लिखने का निर्देश देता है।

वैयक्तिक लेखन का अवसर प्रदान करता है।

दो-एक छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

दलों में परिमार्जन करवाता है।

दलों की उपजों को हस्तांतरण करवाता है और परखने का निर्देश देता है।

➢'**जाति-प्रथा बड़ा अभिशाप है**' विषय पर पोस्टर तैयार करने का निर्देश देता है।

चर्चा चलाता है :

- पोस्टर तैयार करते वक्त किन-किन बातों पर ध्यान देना है?
- पोस्टर के वाक्य किस प्रकार के होने चाहिए?
- रूपसंविधान(layout) किस प्रकार का होना है?

वैयक्तिक रूप से पोस्टर तैयार करवाता है।

हस्तांतरण करवाता है और आपसी मूल्यांकन करने का अवसर देता है।

दलों में आवश्यक सुधार करने का मौका देता है।

दलों में चार्ट पैपर देता है और उसमें पोस्टर तैयार करवाता है।

दलों के द्वारा तैयार किए गए पोस्टर प्रदर्शित करवाता है।

टीचर वेर्शन प्रस्तुत करता है।

पोस्टर के मूल्यांकन सूचकों का परिचय देता है।

कहता है :

गंगी प्रेमचंद की 'ठाकुर का कुआँ' कहानी की पात्र है। हमें मालूम है वह जाति प्रथा से त्रस्त समाज की प्रतिनिधि है।

चर्चा चलाता है :

- जाति-प्रथा के संबंध में आपका विचार क्या है?
- प्रेमचंद के समय के भारत की स्थिति क्या थी?
- वर्तमान समाज में जाति के नाम पर समस्याएँ हैं?
- इससे कौन-कौन सी बातें होती हैं?
- देश में इसका कैसा प्रभाव पड़ता है?
- क्या आप जाति के नाम पर हो रही अत्याचारों को दूर करना चाहते हैं?
- इसके लिए आपका सुझाव क्या है?

चर्चा में उभरी बातों को सूचीबद्ध करते जाता है।

➢ '**जाति-प्रथा बड़ा अभिशाप है**' विषय पर लेख लिखने का निर्देश देता है।

वैयक्तिक लेखन का मौका देता है।

दो-एक छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

दलों में परिमार्जन का अवसर प्रदान करता है।

हस्तांतरण करके मूल्यांकन करता है।

मूल्यांकन करने के लिए सूचकों का परिचय देता है :

- लेख के लिए उचित शीर्षक है?
- विषय की भूमिका सही ढंग से दी है?
- विषय का विश्लेषण करके अनुच्छेदों में बँटा है?
- उपसंहार किस प्रकार किया है?

**संक्षिप्तीकरण करता है :**

लेख तैयार करते समय विषय के विभिन्न मायनों का विश्लेषण करना है। उचित शीर्षक देकर, भूमिका तथा उपसंहार के छोटे-छोटे अनुच्छेदों को जोड़कर लिखना है। भूमिका, विषय-विश्लेषण, उपसंहार आदि उपशीर्षकों को जोड़ने की ज़रूरत नहीं।

**गतिविधि : 3**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

'अकाल और उसके बाद' कविता।

**प्रक्रियाएँ :**

'अकाल और उसके बाद' कविता पढ़ने का निर्देश देता है।

पढ़ने के लिए आवश्यक समय देता है।

चर्चा के लिए प्रश्न करता है और चर्चा में उभरी बातों को नॉट करने को छात्रों से कहता है :

- इस कविता में किन-किन जीव-जंतुओं का जिक्र है?
- इसमें किन-किन निर्जीव वस्तुओं के बारे में बताया गया है?
- निर्जीव वस्तुओं का मानवीकरण हुआ है। दो-एक उदाहरण बताइए।
- जीव-जंतुओं के व्यवहारों की विशेषता क्या है?
- इन जीव-जंतुओं और निर्जीव वस्तुओं की व्याकुल स्थिति का कारण क्या है?
- इन पंक्तियों के द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं?

बताता है :

हमारी चर्चा से उभरी बातों को जोड़कर कविता की पहली चार पंक्तियों पर एक टिप्पणी तैयार करें।

वैयक्तिक लेखन का अवसर देता है।

हस्तांतरण करके आपसी मूल्यांकन करवाता है।

सुधारने के लिए चर्चा चलाता है:

- कवि और कविता का परिचय दिया है?
- पंक्तियों का विश्लेषण किया है?
- बिंब और प्रतीकों के संबंध में बताया है?
- पंक्तियों पर अपना दृष्टिकोण प्रकट किया है?

दलों में परिमार्जन करवाता है।

दलों की प्रस्तुति चलाता है।

आवश्यकता पड़ने पर टीचरवेर्शन प्रस्तुत करता है (शिक्षण साथी के मदद से)

संक्षिप्तीकरण करता है :

कविता की टिप्पणी लिखते समय कवि और कविता का परिचय देना है। आशय व्यक्त करने के साथ पंक्तियों में उपस्थित बिंब और प्रतीकों का विश्लेषण यथासंभव करें। पंक्तियों पर अपनी दृष्टिकोण तथा प्रासंगिकता व्यक्त करना भी उचित है। टिप्पणी के लिए शीर्षक जोड़ने से वह अधिक आकर्षक बनती है।

**गतिविधि : 3**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

वाक्यों की तालिका (1 और 2) की आवश्यक प्रतियाँ।

**प्रक्रियाएँ :**

तालिका-1 छात्रों को देता है।

**सूचना : तालिका की पूर्ति करके लिखें।**

| **वाक्य** | **कर्ता** | **क्रियाधातु** | **क्रियापूरक** |
|---|---|---|---|
| ठाकुर के कुएँ पर नौकर चढ़ने देगा? | नौकर | दे | एगा |
| ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे। | ....... | ..... | ..... |
| ठाकुर लाठी मारेंगे। | ....... | ..... | ..... |
| दूर से लोग डाँट बताएँगे। | ....... | ..... | ..... |
| खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी। | ....... | ..... | ..... |
| गंगी हाथ-पाँव तुड़वा आएगी। | ....... | ..... | ..... |
| कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आएँगी। | ....... | ..... | ..... |

वाक्यों का विश्लेषण करके प्रत्येक वाक्य का कर्ता, क्रियाधातु और क्रियापूरक चुनकर भर्ती करने को कहता है। (उत्तर नीचे दिया है)

| **वाक्य** | **कर्ता** | **क्रियाधातु** | **क्रियापूरक** |
|---|---|---|---|
| ठाकुर के कुएँ पर नौकर चढ़ने देगा? | नौकर | दे | एगा |
| ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे। | लोग | दे | एँगे |
| ठाकुर लाठी मारेंगे। | ठाकुर | मार | एँगे |
| दूर से लोग डाँट बताएँगे। | लोग | बता | एँगे |
| खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी। | बीमारी | जा | एगी |
| गंगी हाथ-पाँव तुड़वा आएगी। | गंगी | आ | एगी |
| कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आएँगी। | स्त्रियाँ | आ | एँगी |

वाक्य की विशेषताओं पर चर्चा चलाता है।
तालिका-2 छात्रों को देता है।

**सूचना : तालिका की पूर्ति करके लिखें।**

| **कर्ता** | **पु/स्त्री** | **ए.व/ब.व** | **क्रियाधातु** | **क्रियापूरक** |
|---|---|---|---|---|
| नौकर | पु | ए.व | दे | एगा |
| लोग | ..... | .... | .... | .... |
| ठाकुर | ..... | .... | .... | .... |
| बीमारी | ..... | .... | .... | .... |
| गंगी | ..... | .... | .... | .... |
| स्त्रियाँ | ..... | .... | .... | .... |

कर्ता का लिंग/वचन समझकर लिखने का निर्देश देता है। (उत्तर नीचे है)

| **कर्ता** | **पु/स्त्री** | **ए.व/ब.व** | **क्रियाधातु** | **क्रियापूरक** |
|---|---|---|---|---|
| नौकर | पु | ए.व | दे | एगा |
| लोग | पु | ब.व | दे | एँगे |
| ठाकुर | पु | ब.व | मार | एँगे |
| बीमारी | स्त्री | ए.व | जा | एगी |
| गंगी | स्त्री | ए.व | आ | एगी |
| स्त्रियाँ | स्त्री | ब.व | आ | एँगी |

कर्ता क्रिया संबंध पर चर्चा चलाता है।
भविष्यत्काल के वाक्यों की संरचना पर अधिक जानकारी प्रदान करता है।

**संक्षिप्तीकरण करता है :**

भविष्यत्काल के वाक्यों में क्रिया की अन्विति कर्ता के लिंग और वचन के अनुसार होती है। लिंग और वचन के अनुसार क्रिया के आठ रूप बनते हैं : जैसे,

आएगा, आएँगे, आएगी, आएँगी, आऊँगा, आऊँगी, आओगे, आओगी।
लिखेगा, लिखेंगे, लिखेगी, लिखेंगी, लिखूँगा, लिखूँगी, लिखोगे, लिखोगी।

**अतिरिक्त गतिविधियाँ :**

ये गतिविधियाँ भी कक्षा में चलाएँ।

**I. सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

उसने रस्सी का फंदा घड़े में डाला। दाएँ-बाएँ चौकन्नी दृष्टि से देखा जैसे कोई सिपाही रात को शत्रु के किले में सुराख कर रहा हो। अगर इस समय वह पकड़ ली गई, तो फिर उसके लिए माफी या रियायत की रत्ती भर उम्मीद नहीं।

1. निम्नलिखित वाक्य में किस शब्द के आधार पर 'का' परसर्ग का प्रयोग हुआ है? 1
2. गंगी की सावधानी को प्रकट करनेवाले वाक्य चुनकर लिखें। 1
3. गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। 4

**II. सूचना : कवितांश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद

1. पंक्तियों में किसका वर्णन है? 1
2. 'चमक उठीं घर भर की आँखें"–का मतलब क्या है? 1
3. कवि ने अकाल के बाद का चित्रण कैसे किया है? टिप्पणी लिखें। 4

**III. सूचना : यह पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

गंगी ने क्षणिक सुख की साँस ली। किसी तरह मैदान तो साफ हुआ। अमृत चुरा लाने के लिए जो राजकुमार किसी ज़माने में गया था, वह भी शायद इतनी सावधानी के साथ और समझ-बूझकर न गया हो। गंगी दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढ़ी, विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले न हुआ था।

1. यहाँ गंगी का मानसिक विजय किसके ऊपर है? 1
2. 'जाति प्रथा एक अभिशाप है' –विषय पर संगोष्ठी होनेवाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें। 4

**IV. सूचना : कवितांश पढ़कर नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

1. इन पंक्तियों में किसका वर्णन है? 1

   (गरीबी का; अमीरी का; अकाल का)

2. "चक्की रही उदास"–से कवि क्या कहना चाहते हैं? 2
3. इन पंक्तियों की प्रासंगिकता पर एक टिप्पणी लिखें। 3

**III. सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

ठाकुर 'कौन है, कौन है?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है।

1. निराश लौटी गंगी ने देखा कि जोखू लोटे का गंदा पानी पी रहा है। इस प्रसंग पर दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें। 4
2. 'गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी।' –इसमें 'भागी जा रही थी' क्रिया का सीधा संबंध वाक्य के किस शब्द से है? 1

   (जगत; गंगी; कूदकर)

# इकाई - 04

**उद्देश्य :**

- **चौथी इकाई का पुनरीक्षण करना।**
- **पोस्टर तैयार करने के लिए अधिक से अधिक मौका देना।**
- **वर्तमानकाल की वाक्य संरचना की विशेषताएँ समझाना।**

**गतिविधि : 1**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

तालिका की प्रतिलिपियाँ

**प्रक्रियाएँ :**

'बसंत मेरे गाँव का' लेख पढ़ने को कहता है।

निम्नलिखित तालिका देता है और सही मिलान करने को कहता है :

| **सूचना : संबंध पहचानें और सही मिलान करें।** | |
|---|---|
| पाँच बर्फानी चोटियाँ | फूलदेई |
| चार शिखर | फ्योंली |
| पीले फूल | पंचाचूली |
| सीढ़ीनुमा | औजी |
| बच्चों का त्यौहार | चौखंभा |
| बाँस की एक प्रजाति | खेत |
| चैती गीत गानेवाले | रिंगाल |

हस्तांतरण करके स्कोर करने को कहता है।

चर्चा के ज़रिए आवश्यक सुधार करवाता है।

निम्नांकित अनुच्छेद पढ़ने को कहता है :

(बसंत फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है ..... बसंत में संगीत के सुर घुल जाते हैं।)

प्रश्न करता है और उत्तर लिखने को कहता है :

- फूलदेई को बच्चों का त्यौहार क्यों कहा गया है?

कहता है :

फूलदेई उत्तराखंड का प्रसिद्ध त्यौहार है। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते हैं। फूलदेई के अवसर पर उत्तराखंड पर्यटन विभाग इसका प्रचार प्रसार करते हैं। फूलदेई त्यौहार से संबंधित पोस्टर तैयार करें।

चर्चा चलाता है :

- पोस्टर तैयार करते वक्त किन-किन बातों पर ध्यान देना है?
- पोस्टर के वाक्य किस प्रकार के होने चाहिए?
- रूपसंविधान किस प्रकार का होना है?

वैयक्तिक रूप से पोस्टर तैयार करवाता है।

हस्तांतरण करवाता है और आपसी मूल्यांकन करने का अवसर देता है।

दलों में आवश्यक सुधार करने का मौका देता है।

दलों में चार्ट पैपर देता है और उसमें पोस्टर तैयार करवाता है।

दलों के द्वारा तैयार किए गए पोस्टर प्रदर्शित करवाता है।

टीचर वेर्शन प्रस्तुत करता है।

पोस्टर के मूल्यांकन सूचकों का परिचय देता है।

**गतिविधि : 2**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

वाक्य लिखे चार्ट।

**प्रक्रियाएँ :**

'बसंत मेरे गाँव का' पाठ के ये वाक्य श्यामपट पर या चार्ट पर दिखाता है :

- सूरज अब नंदा पर्वत से चौखंभा पर्वत की ओर बढ़ने <u>लगता है।</u>
- पशुचारक वापस घरों को लौटने <u>लगते हैं।</u>
- बुरांस के फूल पहाड़ों पर शानदार लालिमा बिछा <u>देते हैं।</u>
- गंगा में पानी की धारा तेज़ हो <u>जाती है।</u>
- सर्पीली सड़क में हलचल बढ़ <u>जाती है।</u>
- पहाड़ की सड़कें गाड़ियों से भर <u>जाती हैं।</u>

पूछता है :

• प्रत्येक वाक्य के रेखांकित क्रिया रूपों का सीधा संबंध वाक्य के किस शब्द से है? चर्चा चलाता है और कर्ता क्रिया अन्विति की धारणा देता है।

**संक्षिप्तीकरण करता है :**

वर्तमान काल के वाक्यों में कर्ता के लिंग वचन के अनुसार क्रिया रूप बनता है। इसके लिए ता है, ते हैं, ती है, ती हैं, ता हूँ, ती हूँ, ते हो, ती हो आदि क्रिया पूरकों का प्रयोग करता है।

**गतिविधि : 3**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

तालिका का चार्ट।

**प्रक्रियाएँ :**

'जैसलमेर' यात्रावृत्त पढ़ने को कहता है।
निम्नलिखित तालिका देता है और सही मिलान करने को कहता है :

**सूचना : संबंध पहचानें और सही मिलान करें।**

| | |
|---|---|
| सोनार किला | छोटा-सा कस्बा |
| लोनली प्लैनट | सीखा हुआ ऊँट |
| तिब्बत | एक मज़ेदार जगह |
| सम | असली रेगिस्तान |
| माईकल | ऑनलाईन पर्यटक गाइड |
| रामगढ़ | दुनिया की छत |

दो-चार छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

हस्तांतरण करने को कहता है।

चर्चा चलाता है और सही मिलान के लिए स्कोर देता है।

अब यह अंश प्रस्तुत करता है :

> सोनार किला एक मज़ेदार जगह है। किला होने के बावजूद इसके भीतर बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं। इन परिवारों के लिए आनेवाले पर्यटक उनकी रोज़ी-रोटी हैं। किले के अंदर लाइन से दुकानें सजी हैं। इनमें सजावटी सामानों से लेकर खूबसूरत कपड़ों तक सब मिलता है। एक जगह तो इतनी रंग-बिरंगी जूतियाँ सजी थीं कि मुझे होली के रंग याद हो आए।

पढ़ने का मौका देता है।

प्रश्न करता है और लिखने का निर्देश देता है :

- किले के अंदर रहनेवालों की रोज़-रोटी क्या है?
- लेखक को होली का रंग याद हो आए। क्यों?
- 'बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं' –वाक्य में 'रहते हैं' क्रिया रूप किस शब्द के आधार पर बना है? या 'रहते हैं' क्रिया रूप का सीधा संबंध किससे है?

हस्तांतरण करके उत्तर परखने का निर्देश देता है।

चर्चा ज़ारी रखते हुए आवश्यक मदद प्रदान करता है।

कहता है :

मान लें, मिहिर अपने इन अनुभवों को अपने एक दोस्त से बाँटना चाहते हैं। वे इसपर अपने मित्र के नाम पत्र लिखते हैं। मित्र के नाम मिहिर का पत्र कल्पना करके लिखें।

वैयक्तिक लेखन का मौका देता है।

दो-एक की प्रस्तुति करवाता है।

पत्र की रूप-रेखा पर चर्चा चलाता है :

- स्थान और तारीख
- संबोधन
- कलेवर
- उपसंहार
- स्वनिर्देश
- भेजनेवाले का पता

दलों में चर्चा करके परिमार्जन करने का मौका देता है।

दलों की उपजों का हस्तांतरण करवाता है।

सूचकों के आधार पर मूल्यांकन करने का निर्देश देता है।

संशोधन कार्य चलाता है।

**अतिरिक्त गतिविधियाँ :**

ये गतिविधियाँ भी कक्षा में चलाएँ।

**I. सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> वे जानवरों के साथ-साथ कीड़ाजड़ी, करण और च्यूर जैसी दुर्लभ हिमालयी जड़ी व औषधियाँ भी बेचते हैं। इन गाँवों से इनका सदियों का रिश्ता है, इसलिए उसी वक्त पूरी कीमत चुकाना ज़रूरी नहीं होता। बर्फीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मज़े की बात है कि नकद-उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं होते।

1. पशुचारकों की पुरानी वसूली कब की जाती है? 1

2. 'इनका' –में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

   (वह; ये; वे)

3. 'नकद-उधार के आँकड़े कहीं दर्ज नहीं होते' आपसी विश्वास के आधार पर सदियों से चली आ रही इस सिलसिले पर एक रपट तैयार करें। 4

**II. सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> सूरज जब चौखंभा पर्वत के पीछे से उदय होने लगता है तब जेठ शुरू हो जाता है। पहाड़ की सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। अपने घर की छत से जब मैं बद्रीनाथ यात्रा-मार्ग की भीड़ देखता हूँ तो भूल जाता हूँ कि महज दो महीने पहले यह घाटी एकदम शांत थी।

**1. संबंध पहचानें और सही मिलान करें।** **4**

| | |
|---|---|
| दो महीने पहले | जेठ शुरू हो जाता है। |
| घर की छत से | गाड़ियों से भर जाती है। |
| पहाड़ियों की सड़कें | घाटी एकदम शांत थी। |
| चौखंभा पर्वत के पीछे से सूर्योदय होने लगता है। | मैं भीड़ देखता हूँ। |

**2. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें।** **1**

जेठ शुरू हो जाता है। जेठ शुरू हो जाएगा।

सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। ..................................................।

**III. सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> एक दुकान के बाहर मैंने लिखा देखा, 'थैंक यू लोनली प्लैनेट फॉर मेकिंग अस अनइम्प्लॉइड' (हमें बेरोज़गार बनाने के लिए लोनली प्लैनेट तेरा शुक्रिया)। पता चला कि दुनिया भर में चर्चित पर्यटक गाइड लोनली प्लैनेट में किसीने इस जगह के बारे में कुछ खराब लिख दिया है। इसलिए विदेशी पर्यटकों का यहाँ आना कम हो गया है। भई वाह, जैसलमेर के व्यवसायियों का गुस्सा दिखाने के इस अंदाज़ की क्या बात है!

1. 'किसीने' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

   (कौन; कोई; वे)

2. व्यवसायियों ने अपना गुस्सा सकारात्मक ढंग से दिखाया है। इसका क्या लाभ है? 1

3. अपने गाँव को स्वच्छ बनाने के कई कार्यक्रम चल रहे हैं। इसके लिए सकारात्मक संदेश जोड़ते हुए पोस्टर बनाएँ। 4

# इकाई - 05

**उद्देश्य :**

- **पाँचवीं इकाई का पुनरीक्षण करना।**
- **पत्र लेखन संबंधी अधिक धारणा प्रदान करना।**

**गतिविधि : 1**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

बालश्रम संबंधी चित्र।

**प्रक्रियाएँ :**

'बालश्रम' संबंधी कोई चित्र दिखाता है।
चित्र के संबंध में कुछ लिखने का मौका देता है।
दो-चार छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

कहता है :

अपने बचपन से वंचित ऐसे कई बच्चे हमारे आसपास है न?
क्या उनकी मदद करनी है?
बालश्रम एक अनीति है। क्या इसके विरुद्ध आवाज़ उठानी है?
तो हम 'बालश्रम' के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करेंगे।

वैयक्तिक रूप से पोस्टर तैयार करने का मौका देता है।
हस्तांतरण करके आपसी मूल्यांकन का अवसर देता है।
दलों में चार्ट देता है और पोस्टर तैयार करने को कहता है।
दलों से प्रस्तुत करवाता है।
संशोधन कार्य चलाता है।

**गतिविधि : 2**

पन्ना 78,79 की कविता का यह अंश पढ़ने का निर्देश देता है।

> काम पर क्यों जा रहे है बच्चे?
> क्या अंतरीक्ष में गिर गई है सारी गेंदें
> क्या दीमकों ने खा लिया है
> सारी रंग-बिरंगी किताबों को
> क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए है सारे
> खिलौने
> क्या किसी भूकंप में ढह गई है
> सारे मदरसों की इमारतें।

पूछता है,

> *क्या दीमकों ने खा लिया है*
> *सारी रंग-बिरंगी किताबों को*
> - इन पंक्तियों से क्या तात्पर्य है?

बच्चों को वैयक्तिक रूप से लिखने का निर्देश देता है।
दो-एक बच्चों की प्रस्तुति।
दलों में चर्चा और परिमार्जन का अवसर देता है।
किसी एक दल को प्रस्तुत करने का अवसर देता है।
बाकी दलों को जोड़ने का अवसर देता है।

कहता है :

अपने खेल की दुनिया से, पढ़ाई से बच्चों को दूर करनेवाली बातें क्या है? चर्चा चलाएँ।

अब हमें इस कविता की आस्वादन टिप्पणी लिखनी है।

पूछता है :

आस्वादन टिप्पणी लिखते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना है?

कवि और कविता का परिचय।
कविता का आशय।
तथ्यों का समर्थन।

शीर्षक की सार्थकता।

पंक्तियों का सौंदर्य।

प्रस्तुति का ढंग।

वैयक्तिक लेखन का अवसर देता है।

दो-एक छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

दलों में विचार विनिमय करके परिमार्जन करने का अवसर देता है।

दलों की उपजों का प्रस्तुतीकरण करवाता है।

संशोधन कार्य चलाता है।

**गतिविधि : 3**

**समय : 60 मिनट**

**सहायक सामग्री :**

**प्रक्रियाएँ :**

'गुठली तो पराई है' कहानी पढ़ने का अवसर देता है।

चर्चा चलाता है :

गुठली क्यों दुखी है?

ऐसी हालत में कौन उसका साथ देता है?

गुठली अपने दुख सहेली से बाँटना चाहती है। सहेली के नाम गुठली का पत्र कल्पना करके लिखें।

वैयक्तिक लेखन का मौका देता है।

दो-एक की प्रस्तुति करवाता है।

पत्र की रूप-रेखा पर चर्चा चलाता है :

- स्थान और तारीख
- संबोधन
- कलेवर
- उपसंहार
- स्वनिर्देश
- सेवामें

दलों में चर्चा करके परिमार्जन करने का मौका देता है।

दलों की उपजों का हस्तांतरण करवाता है।

सूचकों के आधार पर मूल्यांकन करने का निर्देश देता है।

संशोधन कार्य चलाता है।

**अतिरिक्त गतिविधियाँ :**

**I. सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
> क्या दीमकों ने खा लिया है
> सारी रंग-बिरंगी किताबों को
> क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे खिलौने
> क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
> सारे मदरसों की इमारतें।

**1. 'क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें' -इस पंक्ति में 'गिर गई हैं' क्रिया रूप किस शब्द के आधार पर है? 1**

(अंतरिक्ष; क्या; गेंदें)

**2. 'क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे खिलौने' –का मतलब क्या है? 1**

खिलौने पहाड़ के नीचे हैं।

पहाड़ और खिलौने काले हैं।

बच्चे खेलने के अवसर से वंचित हैं।

**3. बालश्रम दुनिया भर में व्याप्त एक दुस्थिति है। बाल मज़ूरी के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें। 4**

**II. सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"ऐसा मत करो", "ऐसे पट-पट मत बोलो", "ऐसे धम-धम मत चलो..." एक दिन गलती से उसने पूछ ही लिया, "क्यों?" तो बस शुरू हो गई, "अरे छोरी, लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे। कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं। ऐसे ही करेगी क्या अपने घर जाकर? गुठली बोली, "अपना घर? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई।"

**1. 'लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे।' -यहाँ 'रखेंगे' क्रिया का रूपायन किस शब्द के आधार पर है?** **1**

(नाम; लोग; माँ)

**2. कहानी में किसका संकेत है?** **1**

क) वर्तमान समाज में स्त्री-पुरुष में समता है।
ख) वर्तमान समाज में स्त्री-पुरुष समता का अभाव है।
ग) वर्तमान समाज स्त्रियों को पुरुषों के समान ही देखता है।

**3. कहानी के उपर्युक्त अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।** **4**

## अपठित गद्य एवं कविता

**उद्देश्य :**

- **लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करने में सक्षम बनाना।**
- **किसी सामाजिक मुद्दे पर अपनी राय प्रकट करने का परिचय देना।**
- **भविष्यतकाल के वाक्यों की विशेषता समझाना।**
- **पोस्टर तैयार करने में अधिक जानकारी प्रदान करना।**

**समय : 60 मिनट**

**प्रक्रियाएँ :**

निम्नलिखित गद्यांश छात्रों को देता है।

पढ़ने का अवसर देता है।

> इज़रायल में आज महिलाओं ने सिद्ध कर दिया है कि वह किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। इज़रायल में देश की सुरक्षा में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में किसी प्रकार कम नहीं है। वही स्थिति धीरे-धीरे भारत में भी बन रही है। अब पुत्री का जन्म परिवार में निराशा नहीं, बल्कि नई आशाओं का संचार करेगा। यह भी संभव है कि भूतकाल में विभिन्न समाजों पर पुरुषों का वर्चस्व रहा है तो भविष्य में नारियों का रहेगा।

इन प्रश्नों के उत्तर लिखवाता है।

1. इज़रायल में महिलाएँ किस क्षेत्र में पुरुषों से बराबरी रखती है? 1

2. 'भविष्य में नारियों का वर्चस्व रहेगा' –वाक्य में 'रहेगा' क्रियारूप का सीधा संबंध किससे है?1

(भविष्य; नारी; वर्चस्व)

3. 'महिला सशाक्तीकरण' का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें। 4

वैयक्तिक लेखन का अवसर देता है।

दो-एक छात्रों से प्रस्तुत करवाता है।

दलों विचार विनिमय करके परिमार्जन करता है।

संशोधन कार्य चलाता है।

निम्नलिखित कविता छात्रों को देता है।

पढ़कर आशय समझने का मौका देता है।

अपरिचित शब्दों के अर्थ वगैरह का परिचय देता है।

**ममता की मूरत**

क्या सीरत क्या सूरत थी
माँ ममता की मूरत थी
पाँव छुए और काम बने
अम्मा एक महूरत थी
बस्ती भर के दुख सुख में
एक अहम ज़रूरत थी
सच कहते हैं माँ हमको
तेरी बहुत ज़रूरत थी।

-मंगल नसीम

निम्नलिखित प्रश्न श्यामपट पर लिखता है।

1. माँ किसकी मूरत है?

2. निम्नलिखित आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें।

गाँव-भर के लोगों की सुख-दुख भरी ज़िंदगी में माँ की बड़ी भूमिका थी।

3. कविता का परिचय देते हुए टिप्पणी लिखें।

उत्तर लिखने का मौका देता है।

प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा चलाता है।

संशोधन कार्य चलाता है।

S.S.L.C EXAMINATION - 2016-2017

Third Language

**Hindi**

प्रश्न-पत्र का नमूना

Std. X | Total Score : 40 | Time : 90 Minutes

**सामान्य सूचना :**

प्रश्न पढ़ने तथा सोचने के लिए 15 मिनट का समय है। इस समय कुछ न लिखें।

उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझें।

स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

---

**सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें

क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे
खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
सारे मदरसों की इमारतें।

1. कविताांश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

क) बच्चे पढ़ाई से वंचित है।
ख) बच्चों के लिए पर्याप्त स्कूल हैं।
ग) बच्चों को पढ़ाई की सुविधाएँ हैं।
घ) बच्चों को काम पर जाना पसंद है।

2. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ कविताांश से चुनकर लिखें। 2

"क्या सारी पाठशालाओं का नाश हुआ है?"

3) "बालश्रम समाज के विनाश का घातक है' इस प्रस्ताव पर अपना विचार लिखें। 4

**अथवा**

'दूर करेंगे हम बालश्रम को' –विषय पर एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : 'बीर बहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वे एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।

"तुमने कुछ सुना बेला?"

"हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।"

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

4. संशोधन करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 2

**पहला** घंटी **बजेगा।**

5. साहिल और बेला बड़े दोस्त हैं। इसकी सूचना देनेवाला एक वाक्य इस अंश से चुनकर लिखें। 1

6. इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** लिखें। 4

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।" जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?"

"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?"

"हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।"

प्रश्न-पत्र का नमूना

7. जोखू के आश्चर्य की बात क्या है? 1

क) गाँव में कहीं पानी नहीं है।

ख) ठाकुर और साहू पानी लेने नहीं देंगे।

ग) गंगी पर उसे विश्वास नहीं था।

8. "हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।" इस कथन पर आपका विचार क्या है? 2

9. 'जाति-व्यवस्था समाज का अभिशाप है।' विषय पर **लघु लेख** लिखें। 4

**अथवा**

'जाति-प्रथा एक अभिशाप है' –का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'सबसे बड़ा शॉ मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।**

अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार...

10. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

क) लोग तालियाँ बजाने लगीं।

ख) लोग तालियाँ बजाने लगे।

ग) लोग तालियाँ बजाने लगा।

11. मान लें, प्रस्तुत अनुभव चार्ली की माँ नेअपनी **डायरी** में लिखी है। उसने क्या-क्या लिखा होगा? कल्पना करके लिखें। 4

**सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एक दुकान के बाहर मैंने लिखा देखा, 'थैंक यू लोनली प्लैनेट फॉर मेकिंग अस अनइम्प्लॉइड' (हमें बेरोज़गार बनाने के लिए लोनली प्लैनेट तेरा शुक्रिया)। पता चला कि दुनिया भर में चर्चित पर्यटक गाइड लोनली प्लैनेट में किसीने इस जगह के बारे में कुछ खराब लिख दिया है। इसलिए विदेशी पर्यटकों का यहाँ आना कम हो गया है। भई वाह, जैसलमेर के व्यवसायियों का गुस्सा दिखाने के इस अंदाज़ की क्या बात है!

12. विदेशी पर्यटकों की कमी का कारण क्या है? 1

क) व्यवसायियों के गुस्सा।

ख) सोनार किले की खराबी।

ग) इस जगह के बारे में लोनली प्लैनेट का बुरा जिक्र।

प्रश्न-पत्र का नमूना

13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित क्रिया-रूप का सीधा संबंध किस शब्द से हैं? 1

'बड़ी संख्या में परिवार **रहते हैं**।'

**14. संबंध पहचानें और मिलान करें।** **3**

| | |
|---|---|
| सोनार किला | दुनिया की छत। |
| तिब्बत | असली रेगिस्तान। |
| सम | जैसलमेर का एक मज़ेदार जगह। |

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

***मैं अकेला***

*मैं अकेला*
*देखता हूँ, आ रही*
*मेरे दिवस की सांध्य बेला।*
*पके आधे बाल मेरे*
*हुए निष्प्रभ गाल मेरे*
*चाल मेरी मंद होती आ रही*
*हट रहा मेला।*
*जानता हूँ, नदी-झरने*
*जो मुझे थे पार करने*
*कर चुका हूँ, हँस रहा यह देढ़ा*
*कोई नहीं भेला।*

*– निराला*

15. 'सांध्य बेला' से तात्पर्य है– 1

क) युवावस्था

ख) बचपन

ग) वृद्धावस्था

16. 'मैं' के स्थान पर 'हम' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

**मैं** जानता हूँ।

17. 'कवि अपनी वृद्धावस्था की प्रतीक्षा में है' –पंक्तियों के आधार पर समर्थन करें। 2

**सूचना : अंजली दिल्ली के एक स्कूल में आठवीं में पढ़ती है। उसकी डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।**

> आज मैं बहुत खुश हूँ। मैं इसलिए खुश हूँ कि कल शाम को मैं एक पार्टी में जानेवाली हूँ। इस साल मैंने खूब मन लगाकर पढ़ाई की। मुझे अच्छे स्कोर मिले। इसीलिए मेरे टीचर कल मुझे एक पार्टी पर ले जानेवाले हैं। उन्होंने बताया कि कल हम एक रेस्टोरेंट में जाएँगे। मुझे तो अपने कानों पर विश्वास ही नहीं हुआ।

18. मान लें, अंजली अपनी खुशी दोस्त जोसफ़ से बाँटना चाहती है। जोसफ़ के नाम अंजली का **पत्र** लिखें। 4

19. 'मुझे अच्छे स्कोर मिले।' –'**मुझे**' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

    (वे; मैं; वह)

प्रश्न-पत्र का नमूना

**ध्यान दें...**

- यह प्रश्न-पत्र नमूना (sample) मात्र है।
- प्रश्न-पत्र का कोई पैटर्न (pattern) निर्धारित नहीं है।
- सभी प्रश्न इकाईयों में निर्धारित अधिगम उपलब्धियों के आधार पर होंगे।
- अतिरिक्त वाचन के लिए निर्धारित पाठों से प्रश्न नहीं पूछा जाएगा।
- अधिगम उपलब्धियों को परखने के लिए अपठित कविता, गद्य आदि का इस्तेमाल प्रश्न-पत्र में होने की संभावना है।